राजस्थान आवासन मण्डल

RAJASTHAN HOUSING BOARD

(A State Government Enterprise constituted under RHB Act 1970)

"आवास भवन", *जन पथ, ज्योति नगर, जयपुर – 302005 राजस्थान, भारत*

"AWAS BHAWAN", *Jan Path, Jyoti Nagar, Jaipur – 302005 Rajasthan, INDIA*

क्रमांक : अ.मु.अ.तृतीय / 2019–20 / 341 दिनांक : 31/01/2020

उप–आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त...................................

विषय :– दिनांक 22.02.2020 को **"राजस्थान आवासन मण्डल की स्वर्ण जयन्ती समारोह"** के अन्तर्गत आयोजित किये जाने वाले रक्तदान, अंगदान, नेत्रदान शिविरों के संबध में।

संदर्भ :– पूर्व प्रेषित पत्र क्रमांक मु.अ.(मु)/2019–20/307 दिनांक 07.01.2020 एवं अति.मु.अ. तृतीय/2019–20/330 दिनांक 23.01.2020

महोदय,

राजस्थान आवासन मण्डल स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर दिनांक 22.02.2020 को **रक्तदान–नेत्रदान–अंगदान** समारोह मनाया जाना है। पूर्व प्रेषित पत्र क्रमांक मु.अ.(मु)/2019–20/ 307 दिनांक 07.01.2020 के द्वारा कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबध में सूचित किया जा चुका है। इसी की निरन्तरता में पत्र क्रमांक अ.मु.अ.तृतीय/2019–20/330 दिनांक 23.01.2020 द्वारा आपके कार्यालय से संबधित ब्लड बैंक, उनके नाम व पता तथा सम्पर्क अधिकारी के दूरभाष नम्बर आदि के बारे में भी सूचित किया गया था।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने निर्देशानुसार सम्भावित **रक्तदान** दाताओं एवं **नेत्रदान–अंगदान** की घोषणा करने वाले महानुभावों के लिए पंजिका संधारित कर ली होगी। स्थानीय स्तर पर **रक्तदान–नेत्रदान–अंगदान** कार्यक्रम हेतु **आयोजन समिति** का गठन करते हुए जोर शोर से प्रचार प्रसार करना प्रारम्भ कर दिया होगा। निर्देशित है कि सम्भावित रक्तदान, नेत्रदान एवं अंगदान, दानदाताओं की संख्या से दिनांक 07.02.2020 तक आवश्यक रूप से मुख्यालय को अवगत करावें। जिससे समय रहते दिये जाने वाले स्मृति चिन्ह मुख्यालय से उपलब्ध करवाये जा सकें।

रक्तदान, अंगदान एवं नेत्रदान, दाताओं को दिये जाने वाले **आभार पत्र** की नमूने के तौर पर **"हार्ड कॉपी"** तथा **"सॉफ्ट कॉपी"** पत्र के साथ जरिये डाक/ई–मेल द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही है। आभार पत्र में रक्तदानदाताओं तथा अंगदान व नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर देने वालों का नाम लिखकर उन्हे स–सम्मान दिया जाना सुनिश्चित करें।

राजस्थान आवासन मण्डल की स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर आयोजित किये जा रहे रक्तदान, नेत्रदान तथा अंगदान समारोह की सफलता के लिए मेरी ओर से शुभकामनाऐं।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(पवन अरोड़ा)
आवासन आयुक्त

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव–माननीय अध्यक्ष/आवासन आयुक्त, राज0आ0मं0, जयपुर।
2. मुख्य अभियंता (मुख्यालय)/प्रथम/द्वितीय, राज0आ0मं0, जयपुर।
3. सचिव/वित्तीय सलाहकार/निदेशक विधि/मुख्य सम्पदा प्रबन्धक, राज0आ0मं0, जयपुर।
4. अतिरिक्त मुख्य अभियंता–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, राज0आ0मं0, जयपुर/जोधपुर।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राज0आ0मं0, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि समुचित प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित करावें।
6. संयुक्त निदेशक–एनालिस्ट सिस्टम, राज0आ0मं0, जयपुर को पत्र मण्डल की वेबसाईट एवं RHB Official whatsapp group पर अपलोड करवाये जाने हेतु।
7. डॉ. एस.एस. अग्रवाल, सरंक्षक, ब्लड बैंक सोसायटी राजस्थान को समन्वयन हेतु।
8. समस्त आवासीय अभियंता, राज0आ0मं0, खण्ड ....
9. रक्षित पत्रावली।

31/01/20
अतिरिक्त मुख्य अभियंता–तृतीय,

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान आवासन मण्डल

स्वर्ण जयन्ती समारोह

22-23 फरवरी 2020

शांति धारीवाल
नगरीय विकास एवं
आवासन मंत्री, राजस्थान

आभार-पत्र

आदरणीय..

राजस्थान आवासन मण्डल स्वर्ण जयन्ती समारोह के अन्तर्गत आयोजित

"रक्तदान-नेत्रदान-अंगदान"

कार्यक्रम में आपके सक्रिय योगदान के लिए आवासन मण्डल हृदय के अंतः स्थल से आपका आभारी है। गत-50 वर्षों के इस सफर में हम और आप हमसफर रहे हैं। आपके सहयोग और संबल से ही यह सफर इस मुकाम तक पहुँचा है।मण्डल की स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रम में आपकी पावन भागीदारी के लिए हम सभी कृतज्ञ और आभारी हैं।

भास्कर ए. सावन्त
आई.ए.एस
अध्यक्ष

22.02.2020

पवन अरोड़ा
आई.ए.एस
आवासन आयुक्त